राज्य आकस्मिकता निधि से आहरण

संख्या-494/49-1-2014-08(56)/13टी0सी-।।

प्रेषक,

देवाशीष पण्डा,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन आयुक्त,
उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 22 मई, 2014

विषय- उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग में सृजित पदों के वेतन भत्तों एवं अन्य व्ययों हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय पत्रांक-186/रा0स0नि0आ0(5/बजट) दिनांक 27 मार्च,2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निर्वाचन आयोग के कार्य संचालन हेतु सृजित पदों के वेतन भत्ते एवं आयोग के आयुक्त गण के वेतन भत्तों तथा आयोग के अन्य व्ययों को वहन किये जाने हेतु संलग्नक में उल्लखित मदवार रू0 6,49,29,000.00 (रू0 छः करोड़ उन्चास लाख उन्तीस हजार मात्र) की धनराशि वित्तीय वर्ष 2014-15 के प्रथम 04 माह(लेखानुदान अवधि) हेतु स्वीकृत कर आपके निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं।

3- स्वीकृत की जा रही धनराशि अत्यन्त आवश्यक, अपरिहार्य एवं तात्कालिक है तथा चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में उक्त व्यय को वहन किये जाने हेतु धनराशि उपलब्ध नहीं हैं। अतएव उक्त धनराशि उत्तर प्रदेश राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम आहरित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति भी श्री राज्यपाल महोदय प्रदान करते है। इस अग्रिम स्वीकृति की जा रही धनराशि की प्रतिपूर्ति अनुपूरक अनुदान के माध्यम से यथा समय की जायेगी।

4- स्वीकृति की जा रही धनराशि जिस प्रयोजन हेतु स्वीकृत की जा रही है उन्हीं मदों में व्यय की जायेगी तथा मितव्ययिता की मदों में न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर ही व्यय किया जायेगा। ऐसा व्यय जिसके लिये वित्तीय हस्तपुस्तिका तथा बजट मैनुअल के अन्तर्गत शासन या अन्य कोई सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो तो इसके लिये पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त व्यय किया जायेगा।

5- शासनादेश संख्या-156/49-1-2014-8(56)/13टी0सी-।। दिनांक 06 फरवरी, 2014 में उल्लिखित शर्तो का कठोरतापूर्वक पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्रथमत: "8000-आकस्मिकता निधि-201-समेकित निधि से विनियोजन" एवं अन्ततः आय-व्ययक की अनुदान संख्या-18 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2425-सहकारिता-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-11-उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के अन्तर्गत सुसंगत मानक मदों के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-2-यू0ओ0-471/दस-2014 दिनांक 21 मई,2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय,

(देवाशीष पण्डा)
प्रमुख सचिव।

वित्त विभाग का पृष्ठांकन

संख्या-ई-2-यू0ओ0-471/सी0एफ0 संख्या-004/दस-2014 दिनांक 21 मई, 2014

प्रतिलिपि महालेखाकार(रिपोर्ट ब्रान्च) उ0प्र0 इलाहाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

उमाकान्त मिश्र,
उप सचिव।

संख्या-494(1)/49-1-2012-08(56)/13टी0सी-।।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद।
2- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम व द्वितीय, उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद।
3- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम व द्वितीय, उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद।
4- समस्त मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी,उत्तर प्रदेश।
5- आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता विभाग,उ0प्र0, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक,सहकारिता विभाग,लखनऊ।
7- वरिष्ठ आडिट आफिसर(आडिट प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा भवन, 15 थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
8- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-2/बजट अनुभाग-2/सहकारिता अनुभाग-3/वेतन आयोग अनुभाग-1/2
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वहीद उल्लाह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-494/49-1-2014-08(56)/2013टी0सी-।। दिनांक 22 मई, 2014 का संलग्नक

क्रमांक	मद	अनुमानित धनराशि(रूपये में)
1	01- वेतन	6975000.00
2	02- मजदूरी	60000.00
3	03- महंगाई भत्ता	6764000.00
4	04- यात्रा व्यय	150000.00
5	05- स्थानान्तरण यात्रा व्यय	125000.00
6	06- अन्य भत्ते	973000.00
7	07- मानदेय	200000.00
8	08- कार्यालय व्यय	2500000.00
9	09- विद्युत व्यय	145000.00
10	10- जलकर/जल प्रभार	25000.00
11	11- लेखन सामग्री एवं फार्मों की छपाई	975000.00
12	12- कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	5000000.00
13	13- टेलीफोन पर व्यय	190000.00
14	15- गाडियों का अनुरक्षण, पेट्रोल आदि की खरीद	1000000.00
15	16- व्यावसायिक एवं विशेष सेवा का भुगतान	1400000.00
16	17- किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	2050000.00
17	18- प्रकाशन	2250000.00
18	19- विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	15500000.00
19	22- अतिथ्य व्यय/व्यय विषयक भत्ता आदि	1125000.00
20	42- अन्य व्यय	5000000.00
21	44- प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	5000000.00
22	46- कम्प्यूटर हार्डवेयर, साफ्टवेयर का क्रय	7000000.00
23	47- कम्प्यूटर अनुरक्षण/स्टेशनरी का क्रय	62000.00
24	49- चिकित्सा व्यय	450000.00
25	51- वर्दी व्यय	10000.00
	योग:-	64929000.00

(रूपये छः करोड़ उन्चास लाख उन्तीस हजार मात्र)

(वहीद उल्लाह)
संयुक्त सचिव।

http://sirsanadesh.up.nic.in